परिक्षेत्रीय कार्यालय बस्ती

उत्तर प्रदेश पुलिस

दिनांक

13-07-2025

प्रेस विज्ञप्ति

- **जोनल पुलिस कबड्डी, कलस्टर, खो-खो प्रतियोगिता का डीआईजी बस्ती ने किया समापन।**
- **विजयी खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत।**

आज दिनांक 13.07.2025 को पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर श्री संदीप कुमार मीना के साथ गोरखपुर जोन की द्वितीय अन्तरजनपदीय पुलिस कबड्डी, कलस्टर (महिला / पुरूष), खो-खो प्रतियोगिता वर्ष- 2025 का रिजर्व पुलिस लाईन संतकबीरनगर में समापन किया गया । जिसमें जोन की कुल 11 जनपदों (01 गोरखपुर, 02- देवरिया, 03- कुशीनगर, 04- महाराजगंज, 05- गोण्डा, 06- बहराइच, 07- बलरामपुर, 08- श्रावस्ती, 09 बस्ती, 10- संतकबीरनगर, 11- सिद्धार्थनगर) की टीमों के 269 खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता के सभी मैच स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड लखनऊ के निर्देशानुसार कराये गये । सम्पूर्ण प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में विभिन्न जनपदो से आये निर्णायक मण्डल ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया। जिसमें विजयी जनपद इस प्रकार हैं- कबड्डी(पुरुष) विजेता जनपद कुशीनगर,कबड्डी (महिला) विजेता जनपद संतकबीरनगर,खो-खो (पुरुष) विजेता जनपद बहराईच,खो-खो (महिला) विजेता जनपद कुशीनगर, फेसिंग (पुरुष) विजेता जनपद गोण्डा,जिम्नास्टिक (पुरुष) विजेता जनपद श्रावस्ती ।

डीआईजी बस्ती द्वारा विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभ संदेश दिया गया ।

सोशल मीडिया सेल

रेंज कार्यालय, बस्ती।